वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :2 | अंक : 288 | सोमवार 13 फरवरी 2023 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

## राज्यपाल से योग गुरु स्वामी रामदेव की मुलाकात



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** राज्यपाल कलराज मिश्र से रविवार को राजभवन में योग गुरु स्वामी रामदेव ने मुलाकात की। राज्यपाल मिश्र से उनकी यह शिष्टाचार भेंट थी। मुलाकात के दौरान राज्यपाल मिश्र की बाबा रामदेव से योग की भारतीय परंपरा और जीवन मूल्यों पर भी विषद चर्चा हुई। बाबा रामदेव ने संविधान से जुड़ी संस्कृति के संबंध में किए जा रहे मिश्र के प्रयासों को महत्वपूर्ण बताया।

## 6 दिन बाद काम पर लौटेंगे वनकर्मी

### मंत्री हेमाराम से बातचीत के बाद 2 महीनों के लिए आंदोलन स्थगित

**जयपुर. कासं।** राजस्थान में 15 सूत्री मांगों को लेकर कार्य बहिष्कार पर चल रहे वनकर्मी एक बार फिर काम पर लौट गए हैं। शनिवार को वन मंत्री हेमाराम चौधरी से बातचीत के बाद संयुक्त संघर्ष समिति वन विभाग द्वारा आंदोलन को 2 महीने के लिए स्थगित करने का फैसला किया गया। इससे पहले 6 फरवरी से वन विभाग के कर्मचारी कार्य बहिष्कार पर चल रहे थे। जबकि 9 फरवरी से कर्मचारियों ने सभी राष्ट्रीय सेंचुरी और पाक पर ताले लगा दिए थे। जिसकी वजह से प्रदेशभर में टाइगर रिजर्व, लेपर्ड सफारी और चिड़ियाघर का संचालन ठप्प हो गया था। ऐसे में एडवांस बुकिंग करवा चुके पर्यटकों को भी परेशान होना पढ़ रहा था। वहीं अब कर्मचारियों के आंदोलन खत्म होने के बाद प्रदेश में एक बार फिर वाइल्डलाइफ टूरिज्म को रफ्तार मिल सकेगी। संयुक्त संघर्ष समिति वन विभाग राजस्थान के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह जादौन ने कहा कि वन विभाग के कर्मचारी पिछले लंबे वक्त से शांतिप्रिय तरीके से संघर्ष कर रहे हैं। लेकिन सरकार हमारी वाजिब मांगों को नहीं मान रही है।

### डेल्फिक गेम्स ऑफ राजस्थान

## आर्ट कैंप में कला, संस्कृति एवं ज्वलंत मुद्दों को पेंटिंग्स से दर्शाया

### युवा कलाकारों को प्रमाण पत्र देकर किया सम्मानित

**जयपुर. शाबाश इंडिया**



डेल्फिक काउंसिल ऑफ राजस्थान की ओर से चार दिवसीय डेल्फिक खेल के अंतिम दिन जवाहर कला केंद्र में आयोजित आर्ट कैंप में पेंटिंग्स एवं इंस्टॉलेशन करने वाले युवा कलाकारों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। आर्ट कैंप में संचालक शुभंकर विश्वास के मार्गदर्शन में 23 युवा कलाकारों ने पेंटिंग्स इंस्टॉलेशन के माध्यम से मन के भावों को प्रदर्शित किया। आर्ट कैंप में युवा कलाकारों ने कला संस्कृति एवं ज्वलंत मुद्दों को पेंटिंग्स के माध्यम से प्रदर्शित किया। इस मौके पर राजस्थान डेल्फिक काउंसिल की अध्यक्ष एवं प्रमुख शासन सचिव सहकारिता श्रेया गुहा ने कहा कि डेल्फिक का मंच युवा कलाकारों को आगे बढ़ाने का है। इन कलाकारों ने बेहतरीन पेंटिंग्स के द्वारा अपनी कला को बखूबी प्रदर्शित किया है। इस आर्ट कैंप में प्राचीन सभ्यता, दर्शन, धर्म, अध्यात्म, विमूर्त चित्र, राजस्थानी परिवेश,मानव विचार एवं स्थापत्य कला सहित अन्य विषयों और मनोभावों को पेंटिंग्स के द्वारा प्रस्तुत किया गया ।कैंप में दीपांजलि ने संस्कृति का आधार ,देविका ने राजस्थानी पुरुष के भाव, नाथूलाल ने हॉर्स,उर्मिला ने राजस्थानी मेला में ग्रामीण पुरुष, संत कुमार ने कृष्ण को पंचतत्व में समाहित, राकेश प्रजापति ने अवलिकोतेश्वर की पेंटिंग्स बनाकर संदेश प्रस्तुत किए। इस कैम्प में युवा कलाकार मानसी,पंखुड़ी एवं सूर्य कविता ने नए सुकून की उम्मीद लेते हुए क्राफ्ट ट्री ,रतिका प्रेरणा एवं सानिध्य ने शहरीकरण के प्रभाव आदि थीम पर संदेश दिए। युवा कलाकारों को श्रेया गुहा,राजीविका की ब्रांड एम्बेसडर रूमा देवी, इंडियन डेल्फिक काउंसिल के अध्यक्ष एन. एन.पांडे एवं उत्तर पश्चिम सांस्कृतिक केंद्र पटियाला के निदेशक फुरखान खान सहित उपस्थिति अतिथियों ने प्रमाण पत्र एवं अंग वस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया।

आर्यिका श्री स्वस्तिभूषण माताजी ने कहा...

# ज्ञान अंधकार में भी रास्ता दिखाता है

## आर्यिका अंतसमति गणिनी पद से विभूषित

मनोज नायक. शाबाश इंडिया।

मुरेना। इस संसार में हमें सर्वप्रथम ज्ञान की आवश्यकता होती है। यदि हम ज्ञानवान होंगे तो धनोपार्जन कर सकते हैं । यदि अज्ञानी होंगे तो धनोपार्जन में भी कठिनाई होगी । ज्ञान वह धन है जो सांसारिक दुखों को दूर करता है। धन केवल भौतिक सुख प्रदान करता है और ज्ञान आत्म सुख प्रदान करता है। हमारे पास धन हो भी, लेकिन ज्ञान नहीं हैं तो हम धन का सद्पयोग नहीं कर पाएंगे। आज सबसे अधिक ज्ञान यानी कि शिक्षा प्राप्त करने की आवश्यकता है। हमें मंदिरों के साथ साथ संस्कारित स्कूल-कॉलेज की स्थापना पर भी ध्यान देना चाहिए । स्कूलों की संरचना ऐसी होना चाहिए कि बच्चों को लौकिक शिक्षा के साथ साथ संस्कार भी मिलना चाहिए । उक्त विचार गुरुमां गणिनी आर्यिका श्री स्वस्तिभूषण माताजी ने गणिनी एवं दीक्षा दिवस समारोह में उपस्थित बन्धुओं को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किये। परम पूज्य सप्तम पट्टाचार्य श्री ज्ञेयसागर जी महाराज के पावन सान्निध्य में गणिनी आर्यिका लक्ष्मीभूषण माताजी व स्वस्तिधाम प्रणेत्री गणिनी आर्यिका स्वस्तिभूषण माताजी का गणिनी पदारोहण दिवस एवं गणिनी आर्यिका श्री आर्षमति माताजी व आर्यिका अंतसमती माताजी का दीक्षा दिवस समारोह हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया ।इस अवसर पर आचार्य श्री ज्ञेयसागर जी महाराज ने पूज्य सराकोद्धारक श्री





ज्ञानसागर जी महाराज की परम प्रभावक शिष्या आर्यिका अंतसमती माताजी को गणिनी पद से विभूषित किया । आगमानुसार गणिनी पद के सभी संस्कार एवं क्रियाएं आचार्य श्री ज्ञेयसागर जी एवं उपस्थित गणिनी आर्यिकाओं ने सम्पन्न कराई । समारोह का संचालन युवा विद्वान पंडित संजय शास्त्री सिहोनियाँ ने किया। समारोह के शुभारम्भ में ब्रह्मचारिणी बहिन शालू दीदी ने मंगलाचरण किया। ज्ञानार्ष बालिका मंडल ने भक्ति नृत्य की प्रस्तुति दी । विद्यालय कमेटी के कार्याध्यक्ष मनोज ने नवनिमार्णाधीन स्कूल की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि प्रारंभ में 50 कमरों के साथ एक विशाल एवं भव्य ऑटोटोरियम का निर्माण किया जाएगा। अभी हाल फिलहाल गुरुमां गणिनी आर्यिका श्री स्वस्तिभूषण माताजी के आशीर्वाद से मां स्वस्ति भूषण इंटरनेशनल स्कूल प्रारम्भ किया जा रहा है। समारोह में ध्वजारोहण सूर्यप्रकाश, राजेन्द्र जी, पवन जी जयपुर सहित वाहर से पधारे हुए अथितियों द्वारा किया गया । चित्र अनावरण वीरेंद्र जैन डबरा, धर्मेंद्र जैन एडवोकेट एवं दीप प्रज्वलन अम्बाह नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष जिनेश जैन, प्रेमचंद जैन ( बन्दना साड़ी ), जवाहरलाल बरैया ने किया। मंचासीन सप्तम पट्टाचार्य श्री ज्ञेयसागर जी के पाद प्रक्षालन एवं समस्त संघ को शास्त्र भेंट करने का सौभाग्य श्री जिनेश जैन अम्बाह को प्राप्त हुआ । समस्त आर्यिका संघ के पाद प्रक्षालन, शास्त्र एवं बस्त्र भेंट करने का सौभाग्य नगर पालिका अम्बाह की अध्यक्षा श्रीमती अंजली जिनेश जैन को प्राप्त हुआ।

# पेट्रोल-डीजल में नहीं दी राहत: सुरेन्द्र कुमार



जयपुर. शाबाश इंडिया। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के वर्ष 2023 बजट पर प्रतिक्रया व्यक्त करते हुए सी-डोस सदस्य सुरेन्द्र कुमार जैन पांडया ने कहा कि राजस्थान के इस बजट में निर्यातकों को कुछ नहीं दिया जबकि हमें उम्मीद थी कि घर-घर में काम में आने वाला स्टोन इंडस्ट्रीज के लिए कुछ दिया जाएगा और माइनिंग इंडस्ट्री में एमनेस्टी स्कीम से उस फायदा होगा। उन्होंने यह भी कहा कि रीको में एमनेस्टी स्कीम से उद्यमियों को राहत मिली है,युवाओं को स्टॉर्ट अप के लिए पाँच लाख का लोन दिया गया है। इसमें नए युवाओं को फायदा होगा बाकी इस बजट में सभी क्षेत्रों को छुआ है, यदि पेट्रोल पेट्रोल-डीजल में भी राहत देते तो ये बजट सर्वोत्तम होता।

# इनरव्हील क्लब कोटा नॉर्थ ने हर्षोल्लास से मनाया फागोत्सव



आजाद शेरवानी. शाबाश इंडिया

कोटा। इनरव्हील क्लब कोटा नार्थ के सदस्यों द्वारा हर्षोल्लास से फागोत्सव मनाया गया। इनरव्हील क्लब कोटा नॉर्थ की अध्यक्ष श्रीमति शिखा अग्रवाल ने बताया कि क्लब की डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन रीना अग्रवाल और डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन निशा खांडपुर जी के कोटा आगमन पर इनरव्हील क्लब कोटा नॉर्थ के सदस्यों ने उनका और डिस्ट्रिक्ट वाइस चेयरमैन स्वाति गुप्ता का स्वागत और सम्मान किया और उनके साथ फागोत्सव बड़े ही हर्ष और उल्लास के साथ मनाया। चेयरमैन ने दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। एक्जीक्यूटिव मेंबर मधु बाहेती ने कार्यक्रम का संचालन किया। शशि सक्सेना और शशि झंवर ने आदरणीय चेयरमैन, वाइस चेयरमैन और सेक्रेटरी को होली के सुंदर टाइटल से नवाजा।



श्री कृष्ण बनी विद्या गर्ग और राधा बनी विजेता गुप्ता ने सबको लुभाया और सभी ने पूरे आनंद के साथ नृत्य, गायन करके फागोत्सव को उल्लास के साथ मनाया। क्लब करेस्पांडेंट सरिता भूटानी और एक्जीक्यूटिव मेंबर रेनू लालपूरिया ने क्लब द्वारा अब तक किए गए कार्यों तथा आगे किए जाने वाले कार्यों के बारे में बताया । चेयरमैन द्वारा क्लब के हर महीने रोजगार पर किए कार्यों को सराहा गया। इस अवसर पर क्लब द्वारा गरीब महिलाओं को दिए गए रोजगार से बने हुए सामान दिखाएं गए । कार्यक्रम के दौरान सभी ने स्वादिष्ट व्यंजनों का लुत्फ उठाया। क्लब सचिव सुशीला मित्तल ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी का आभार जताया।

# जिनालय स्थापना रजत जयंती महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा आज

**अनेक धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे, भगवान पार्श्वनाथ की रथयात्रा गाजे-बाजे के साथ निकाली जाएगी**



**निवाई. शाबाश इंडिया**

सकल दिगम्बर जैन समाज के तत्वावधान में श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर शिवाजी कालोनी में दो दिवसीय जिनालय स्थापना रजत जयंती महोत्सव अनेक धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ आयोजित किया जाएगा। जैन समाज के प्रवक्ता विमल जौंला ने बताया कि आचार्य पदमनन्दी महाराज एवं मुनि सुश्रुत सागर महाराज के आशीर्वाद व सानिध्य में पण्डित सुरेश कुमार शास्त्री के निर्देशन मे 13 फरवरी सोमवार को मूलनायक भगवान पार्श्वनाथ के गाजेबाजे के साथ पंचामृत अभिषेक का आयोजन किया जाएगा। जौंला ने बताया कि कार्यक्रम के तहत सर्वप्रथम पण्डित सुरेश के. शास्त्री के मंत्रोच्चार के साथ मंगल कलश स्थापित करके ध्वजारोहण किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर श्रद्धालुओं द्वारा मूलनायक भगवान पार्श्वनाथ के अभिषेक करके विश्व में शान्ति के लिए शांतिधारा की जाएगी। जौंला ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण भगवान पार्श्वनाथ की गाजेबाजे के साथ रथयात्रा निकाली जाएगी। जिसमें ऐरावत हाथी वाले रथ में भगवान पार्श्वनाथ को जयधोष के साथ विराजमान किया जाएगा। मीडिया प्रभारी विमल जौंला ने बताया कि महोत्सव के चलते मंदिर प्रांगण में संगीतमय शांति मंडल विधान आयोजित होगा। विधान के पश्चात श्री जी के कलशाभिषेक सम्पन्न होंगे। इस दौरान भगवान पार्श्वनाथ की महाआरती भी की जाएगी एवं समाज का वात्सल्य भोज भी किया जाएगा।



# सिख टैलेंट हंट के अंतर्गत 28 सिख बच्चे सम्मानित हुए



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** राजस्थान सिख समाज की अग्रणी संस्था कौन बनेगा गुरसिख बच्चा (केबीजीबी) ने शिक्षा और खेलों में असाधारण प्रदर्शन करने वाले 28सिख बच्चों को ट्रॉफी और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया। इवेंट संयोजक सरदार जसबीर सिंह ने बताया कि सिख टैलेंट हंट के तहत चयनित 28 सिख बच्चे बच्चियां जिन्होंने दसवी और बाहरवीं कक्षा में 90% या अधिक और ग्रेजुएट, पीएचडी, एमबीए, इंजीनियरिंग व एमबीबीएस आदि परीक्षाएं वशिष्ठ योग्यता से पास की उन्हे टीम केबीजीबी के वरिष्ठ सदस्यों ने सम्मानित किया। किंडर केयर स्कूल द्वारा आयोजित इस अवार्ड समारोह में अल्प संख्यक आयोग के पूर्व अध्यक्ष जसबीर सिंह, केबीजीबी के अध्यक्ष ओंकार सिंह, पूर्व अध्यक्ष दीप सिंह, सचिव सुखदेव सिंह, डॉ मंजीत कौर, समूह स्त्री सत्संग सभा की प्रधान बीबी इंद्रजीत कौर, गुरचरण कौर कालरा, गुरुद्वारा जवाहर नगर के सचिव सतनाम सिंह गुलियानी, सिख एल्डर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह सोढी ने सिख बच्चों को जवाहर नगर गुरमत समागम में सम्मानित किया।

# पुराने फिल्मी गीतों पर लोग झूम उठे




**जयपुर. शाबाश इंडिया**

शिल्पी इवेंट्स की तरफ से प्रेस क्लब सभागार में फिल्मी गीतमाला संध्या तेरे संग यारा आयोजित की गई ' जिसमें लगभग 44 गायक गायिकाओं ने अपनी रंगारंग प्रस्तुतियां दी। इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि यश गार्ड, सुनील नातानी, मोनू गोस्वामी, बसंत जैन, सोनिया शर्मा कंचन आनंद मुकेश बागड़ा निशा पारीख शंकर गर्ग नीलू कावट कशिश शर्मा विकास कामत मुकेश पारीक बृजभूषण एलएन शर्मा रहे। खान फतेह अली रहमान अली उपस्थित थे। मुख्य गायक गायिकाओं में डॉ अशोक सपना शर्मा डॉक्टर हनुमान सोनी मौसमी भारती अजय तल्ला अरुणा जैन कंचन आनंद सीमा मुंजाल वासुदेव मोटवानी विजेता सिन्हा हितेश प्रीति पुरोहित प्रीति कुलश्रेष्ठ रितिका अतुल श्रीवास्तव रजनीश सुनील ग्रोवर डॉक्टर लोकेश संध्या मुकेश सक्सेना रितेश श्रीवास्तव रणवीर कशिश तनेजा समीर पूनम संजय ज्योति प्रणाम पिंकी सीमा रिंकू मोनिका सुरेंद्र सुधीर अंजू सीमा धर्मेंद्र सुरभि देव उमा मित्तल ने अपनी गायकी से समा बांध दिया ' कलाकारों के गाए गीतों पर दर्शक झूम उठे।

## वेद ज्ञान

# ये किस दौड़ में फंस गए...

वर्तमान में जहां देखिए वहां अंधी दौड़ जारी है। तरह-तरह की अंधी दौड़ों में कुछ पाने के चक्कर में पूरा जीवन जाया हो रहा है। इन अंधी दौड़ों में मनुष्य को यह अहसास ही नहीं हो पाता कि उसकी वास्तविक पहचान ज्यादा पैसा, बड़ा नाम, प्रतिष्ठित पद या अन्य भौतिक वस्तुओं के कारण नहीं, बल्कि आध्यात्मिकता से है। मनुष्य कितनी अधिक मात्रा में भौतिक संपदा क्यों न जोड़ ले, वह उसके साथ नहीं जाती है। वह खाली हाथ यहां आया था और खाली हाथ ही विदा होगा। जब किसी का निधन होता है तो लोग उसके बारे पूछते हैं कि अमुक शख्स ऐसा था या वैसा था? इसका आशय यही होता है कि अमुक व्यक्ति बौद्धिक गुणों से युक्त था। संवेदनशील, मृदुभाषी, संतोषी, परोपकारी था या फिर अहंकारी, अभिमानी, पतित, षड्यंत्रकारी, भ्रष्टाचारी आदि था? कहने का मतलब यही है कि मनुष्य का जीवन अंधी दौड़ों में खर्च करने में नहीं, बल्कि बौद्धिक गुणों का विकास करने के लिए है। हमारे ग्रंथों और साहित्य में जीवन का सार है सादा जीवन, उच्च विचार। अर्थात जिसका जीवन साधारण, लेकिन विचार उच्च हों वही पवित्र और संतोषी है। आज के जीवन में जो असंतोष, हड़बड़ी, मारामारी, व्यर्थ की भागदौड़, ईर्ष्या, तनाव, रोग, शोक आदि हैं, वे सादा जीवन, उच्च विचार के अभाव से हैं। हमारी इच्छाओं और वासनाओं का कोई अंत नहीं है और ये ही हमारे सभी दुखों का मूल कारण हैं। विकास और तरक्की की अंधी दौड़ ने हमें दुनिया के बहुत करीब कर दिया, लेकिन हमारे अपनों से ही हमें दूर कर दिया। हम भीड़ में अकेले रह गए हैं। हमारे आसपास सुख-सुविधाओं का अंबार लगा है, लेकिन फिर भी हम अंदर से अशांत हैं। हम समय से आगे निकलने की चाह में इंसान भी नहीं रह पाए। हमारी बुद्धि का इतना विकास हो गया कि भावनाएं खत्म हो गईं। विज्ञान के युग में हम ज्ञान से लबरेज हो गए, लेकिन हमारा जीवन ज्ञान कोरा हो गया। दुनिया एक गांव में सिमट रही हो, लेकिन मानवता की दुनिया हमसे कहीं दूर चली गई। शायद हम यह भूल गए हैं कि शांति और संतोष पाने के लिए हमें किसी दौड़ में शामिल नहीं होना होता, बल्कि वे हमारे भीतर ही हैं।

## संपादकीय

# महंगाई को काबू करने की कोशिश

महंगाई पर लगाम कसने के मकसद से भारतीय रिजर्व बैंक ने एक बार फिर रेपो दरों में पच्चीस आधार अंक की बढ़ोतरी कर दी है। इस तरह अब रेपो दर साढ़े छह फीसद पर पहुंच गई है। इस बढ़ोतरी का अनुमान पहले से ही लगाया जा रहा था। पिछले दस महीनों में यह छठवीं बढ़ोतरी है। इस दौरान रेपो दर में ढाई सौ अंक की बढ़ोतरी की जा चुकी है। हालांकि कुछ विशेषज्ञों का मानना है कि अब रिजर्व बैंक बढ़ोतरी को लेकर अपने हाथ रोक लेगा। मगर रिजर्व बैंक के रुख से ऐसा नहीं लग रहा कि वह महंगाई को लेकर आश्वस्त है, इसलिए उसने इस पर कोई स्पष्ट टिप्पणी नहीं की है। रेपो दरों में बढ़ोतरी का मतलब होता है कि इस दर पर सारे बैंक भारतीय रिजर्व बैंक से कर्ज लेते और फिर उससे अपना कारोबार करते हैं। जाहिर है, बैंक अपनी ब्याज दरें इससे कुछ ऊंची ही रखते हैं। इस तरह बैंकों से घर, वाहन, कारोबार आदि के लिए कर्ज लेने वालों पर ब्याज का बोझ बढ़ता है। मगर दूसरी तरफ उन लोगों को लाभ भी मिलता है, जिन्होंने अपने गाढ़े वक्त के लिए बैंकों में निवेश कर रखा या पैसे जमा कर रखे हैं। रेपो दर में बढ़ोतरी का असर महंगाई पर पड़ता है। उसे रोकने में मदद मिलती है। पिछली बढ़ोतरियों का स्पष्ट प्रभाव भी नजर आ रहा है। फिर अंतरराष्ट्रीय बाजार में ब्याज दरों में बढ़ोतरी को देखते हुए भी भारतीय रिजर्व बैंक को अपनी दरों में बढ़ोतरी करना मजबूरी थी। अमेरिकी फेडरल ने महंगाई के मद्देनजर लगातार अपनी दरें ऊंची की हैं। इसका नतीजा यह भी देखने को मिला कि बहुत सारे विदेशी निवेशकों ने भारत के बाजार से अपना पैसा निकाल कर वहां लगाना शुरू कर दिया। इसके चलते डालर के मुकाबले रुपए की कीमत गिरती गई। रिजर्व बैंक के रेपो दर में बढ़ोतरी से उन निवेशकों को रोकने में मदद मिलेगी। फिर ब्याज दरें ऊंची होने की वजह से बाजार में पूंजी का अनियंत्रित प्रवाह रुकता है। मगर इससे महंगाई पर वास्तव में कितना असर पड़ेगा, दावा करना मुश्किल है। खुद रिजर्व बैंक ने माना है कि चालू वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में महंगाई साढ़े पांच फीसद पर सिमट जाएगी, पर अगले वित्त वर्ष में फिर इसके बढ़ने की संभावना है। इसलिए एकमात्र रेपो दरों में बढ़ोतरी, महंगाई रोकने का कारगर उपाय साबित होगा, दावा नहीं किया जा सकता। दरअसल, भारत में महंगाई बढ़ने की कई वजहें होती हैं। जिस साल मानसून अच्छा नहीं रहता या अनियंत्रित रहता है, उस साल कृषि उपज खराब होती है और खानेपीने की चीजों की कीमतें एकदम से बढ़ जाती हैं। फसलें अच्छी होती हैं, तो कीमतें नीचे आ जाती हैं। चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में महंगाई घटने के पीछे मुख्य वजह यही मानी गई। फिलहाल औद्योगिक क्षेत्र में अपेक्षित गति नहीं लौट पाई है। निर्यात का रुख नीचे की तरफ है। कई देशों के साथ व्यापार घाटा लगातार बढ़ रहा है। **-राकेश जैन गोदिका**



## परिदृश्य

# आप की मुश्किलें...

हर दिल्ली सरकार पर अनियमितताओं के आरोप थमने का नाम नहीं ले रहे। एक आरोप थोड़ा ठंडा पड़ता है कि दूसरा उभर आता है और सियासी सरगर्मी बढ़ जाती है। दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया पर अभी नई आबकारी नीति के जरिए घोटाले का आरोप निपटा भी नहीं है कि अब जासूसी कराने का आरोप लग गया। सीबीआइ ने उपराज्यपाल से उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की सिफारिश की है। बताया जा रहा है कि करीब सात साल पहले दिल्ली सरकार ने भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने के मकसद से फीडबैक यूनिट का गठन किया था, जिसके जरिए उसने राजनीतिक खुफिया जानकारी इकट्ठा की। इस तथ्य का खुलासा होने के बाद भाजपा ने हल्लाबोल अभियान शुरू कर दिया है। बताया जा रहा है कि उपराज्यपाल ने सीबीआइ की सिफारिश मंजूर करते हुए कार्रवाई की सिफारिश राष्ट्रपति के पास भेज दी है। आम आदमी पार्टी आबकारी नीति को लेकर उठे विवाद के बाद से ही कहती आ रही है कि केंद्र सरकार मनीष सिसोदिया को जेल भेजने के बहाने तलाश रही है। इसके लिए वह जांच एजंसियों का दुरुपयोग कर रही है। मगर पारदर्शिता का दावा करने वाली दिल्ली सरकार को अपने किसी मंत्री या नेता के ऊपर लगे किसी आरोप को बयानबाजी के जरिए निपटाने के बजाय तथ्यों के जरिए साफ करने का प्रयास करना चाहिए। दिल्ली सरकार ने सतर्कता विभाग को मजबूत बनाने और विभिन्न सरकारी दफ्तरों के कामकाज की जानकारी इकट्ठा करने के लिए फीडबैक यूनिट का गठन किया था। हालांकि तभी इस विभाग के गठन को उचित नहीं माना गया था। बाद में खुद सतर्कता निदेशालय के एक अधिकारी ने सीबीआइ से इस विभाग की शिकायत की थी। बाद में उपराज्यपाल नजीब जंग ने उसके गठन को नामंजूर कर दिया था। मगर सीबीआइ का मानना है कि उस एक साल के भीतर दिल्ली सरकार ने उस इकाई के जरिए करीब सात सौ सूचनाएं एकत्र की थी। यह ठीक है कि सरकारों को अपने विभागों में अनियमितताओं पर नजर रखने और उन्हें रोकने के लिए उपाय जुटाने का अधिकार है। मगर इसके लिए पहले से एक स्थापित ढांचा है। सतर्कता विभाग का काम सरकारी दफ्तरों में अनियमितताओं पर नजर रखना ही है। इसलिए दिल्ली सरकार से अपेक्षा की जाती थी कि वह उसी को सुदृढ़ करे, न कि उसके समांतर एक नई व्यवस्था बनाए। इसलिए सतर्कता निदेशालय के अधिकारियों की पीड़ा समझी जा सकती है। मगर बात यहीं तक होती, तो गनीमत थी। बताया जा रहा है कि सतर्कता विभाग के समांतर गठित फीडबैक यूनिट विभिन्न राजनेताओं और अधिकारियों के बारे में जासूसी करती थी। अगर इस बात में सच्चाई है, तो इससे एक बात तो स्पष्ट है कि दिल्ली सरकार इस इकाई की मार्फत अपने खिलाफ गतिविधियों में संलग्न लोगों पर नजर रखने, उनकी बातचीत सुनने की कोशिश कर रही थी। जासूसी के लिए संवैधानिक नियम-कायदों के मुताबिक एजेंसियों का गठन किया गया है। उनके ढांचे में तोड़-फोड़ या उनके समांतर कोई अलग एजेंसी खड़ी करने का अधिकार नहीं है। फिर, बिना आवश्यक वैधानिक आधार के किसी की जासूसी करना जुर्म है। इसीलिए पेगासस का मामला उजागर हुआ तो केंद्र सरकार भी निशाने पर आ गई थी। हालांकि दिल्ली सरकार के खिलाफ सीबीआइ की ताजा सिफारिश में कितनी सच्चाई है, यह जांच का विषय है।

# महा मस्तकाभिषेक समारोह का समापन

## महामृत्युंजय विधान का आयोजन | सौभाग्यशाली श्रावकों को प्रदान किए गंदोधक कलश

### हजारों श्रद्धालुओं ने साखना पहुंचकर मान स्तंभ में विराजमान श्री जी का अभिषेक किया



**साखना, टोंक. शाबाश इंडिया।** शांतिनाथ दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र साखना में 5 फरवरी से आयोजित आठ दिवसीय मान स्तंभ महा मस्तकाभिषेक समारोह का समापन रविवार को हुआ । अतिशय क्षेत्र साखना के अध्यक्ष प्रकाश सोनी, मंत्री प्यार चंद जैन ने बताया कि समापन अवसर पर रविवार को प्रातः भगवान शांतिनाथ, शीतलनाथ एवं चंद्रप्रभु भगवान का अभिषेक एवं शांति धारा की गई । तत्पश्चात नित्य नियम पूजा कर श्री जी के चरणों में अर्ध्य एवं श्रीफल समर्पित किए गए । शांतिधारा पुण्यार्जक कमल कुमार अंकित कुमार आंडरा परिवार एवं आचार्य इंद्र नंदी महाराज के प्रथम आहार पुण्यार्जक संतोष कुमार रसीला बज कोटा रहे। मीडिया प्रभारी राजेश अरिहंत ने बताया कि दोपहर में अतिशय क्षेत्र पर महामृत्युंजय विधान का आयोजन एवं क्षेत्रपाल विधान की पूजा की गई जिसमें इंद्र इंद्राणीयो ने भक्ति भाव के साथ श्री जी को 148 अर्ध्य एवं श्रीफल समर्पित किए इस अवसर पर शिखर चंद धुआ, अनिल कुमार भरनी, दिनेश कुमार टोडा, राजेंद्र कुमार सोनी, हर्ष कुमार सोनी, राकेश कुमार तालेड़ा, महावीर प्रसाद साखना, धर्मचंद देवड़ावास आदि मौजूद रहे। सायंकाल गुरुकुल के छात्रों द्वारा भगवान शांतिनाथ की महा आरती की गई। कोषाध्यक्ष मनीष बज एवं अशोक छाबड़ा ने बताया कि आठ दिवसीय महा मस्तकाभिषेक समारोह के तहत हजारों श्रद्धालुओं ने साखना पहुंचकर मान स्तंभ में विराजमान श्री जी का अभिषेक किया। जिसमें दिल्ली मुंबई आगरा अजमेर कोटा जयपुर बूंदी टोंक आदि जिलों से श्रद्धालुओं ने पहुंचकर सौभाग्य प्राप्त किया। आचार्य विद्यासागर महाराज की संघस्थ सुशीला दीदी एवं कमला दीदी भी इस दौरान साखना में उपस्थित रही । मान स्तंभ महा मस्तकाभिषेक समारोह के सौभाग्यशाली विजेता शिल्पा जैन साखना, तेजमल पाटोदी बूंदी, चेतन कुमार देवली, यश जैन देवड़ावास, पारस जैन भरनी रहे जिन्हें अतिशय क्षेत्र समिति की ओर से चांदी के गंदोधक कलश प्रदान किए गए। समस्त आयोजन सकुशल संपन्न होने पर अतिशय क्षेत्र प्रबंध समिति ने सभी को धन्यवाद दिया एवं आभार प्रकट किया।

## अग्रवाल समाज सेवा समिति जगतपुरा द्वारा रक्तदान शिविर आयोजित



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

अग्रवाल समाज सेवा समिति जगतपुरा जयपुर के तत्वावधान मे विशाल ब्लड डोनेशन, चिकित्सा शिविर और फ्री जांचे **BP, Sugar, BMD, ECG** आदि सभी जांचे निःशुल्क। क्लिनिक तुई अग्रवाल कॉलेज के पास रामनगरिया, जगतपुरा जयपुर मे आयोजन किया गया जिसमे इस कैंप मे लगभग 400 लोगों ने जांचे करवायी तथा 91 ब्लड यूनिट एकत्रित हुयी। कार्यक्रम मे सभी अग्र बंधुओ बहुत ही उत्साह था इस कार्यक्रम मे उम्मीद से ज्यादा रेस्पॉन्स था और सभी अग्र बंधुओ को समिति की तरफ से विनोद , पुनीत, विवेक ने बहुत-बहुत धन्यवाद दिया। सभी अग्र बंधुओ को समिति की तरफ से भी पुनः धन्यवाद और साधुवाद ज्ञापित किया।

## युवा मंच ने पंडित दीन दयाल जी की पुण्यतिथि मनाई



**कोटा. शाबाश इंडिया**

कोटा टिप्टा में स्थित पंडित दीनदयाल पार्क मे पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति युवा मंच द्वारा स्वर्गीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की पुण्यतिथि को समर्पण दिवस के रूप में मनाया गया। पंडित दीन दयाल स्मृति युवा मंच अध्यक्ष अनिल कुमार ने बताया कि पं. दीन दयाल उपाध्याय ऐसे युगद्रष्टा थे जिन्होंने देश को एक ऐसी विचारधारा देने का काम किया जिसका मूल उदेश्य सत्ता प्राप्ति नहीं बल्कि राष्ट्र को पुनः विश्व गुरु के पद पर आसीन करना हो। पंडित जी ने देश को एकात्म मानव दर्शन दिया जिसमें व्यक्ति से समष्टि तक सभी के हित समाहित हैं। पंडित जी का मानना था कि जब तक हम समाज के गरीब-से-गरीब व्यक्ति तक विकास नहीं पहुंचाते, उन्हें विकास की मुख्यधारा से जोड़कर देश की प्रगति में सहभागी नहीं बनाते तब तक देश की स्वतंत्रता का कोई अर्थ नहीं है।अध्यक्ष अनिल कुमार ने बताया कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति मंच की संस्थापक एवं राष्ट्रीय संरक्षक और पूर्व भाजपा महिला मोर्चा राज. प्रदेश अध्यक्ष मधु शर्मा, राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद शुक्ला, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नीरज चतुर्वेदी की सहमति से एवं प्रदेश अध्यक्ष सुरेश झंवर, युवा मंच प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप काबरा के निर्देश से पंडित दीनदयाल जी उपाध्याय की पुण्यतिथि पर कोटा शहर मे इस मोके पर समस्त कार्यकताओं ने स्वर्गीय दीनदयाल जी को श्रद्धांजलि अर्पित की।

### गिरारगिरी पंचकल्याणक महामहोत्सव की मुख्य पत्रिका का हुआ विमोचन

# आचार्य श्री विरागसागर, आचार्य श्री विशुद्ध सागर जी सहित शताधिक साधु-साध्वियों व विद्वानों के सान्निध्य में हुआ विमोचन

## आयोजन के लिए मिला मंगल आशीर्वाद

### आचार्य विशुद्ध सागर जी महाराज ससंघ का पथरिया से गिरार की ओर होगा पद विहार




**पथरिया. शाबाश इंडिया**

दिगम्बर जैन आदिनाथ अतिशय क्षेत्र गिरारगिरी विकासखंड मड़ावरा में चर्या शिरोमणि आचार्य श्री 108 विशुद्ध सागर जी महाराज ससंघ के सान्निध्य में ब्र. जय कुमार जी निशांत, पंडित सनत कुमार विनोद कुमार जैन के प्रतिष्ठाचार्यत्व में आगामी 17 फरवरी से 22 फरवरी 2023 तक श्री 1008 मज्जिनेन्द्र पंचकल्याणक मानस्तम्भ जिनबिम्ब प्रतिष्ठा, विश्वशान्ति महायज्ञ एवं रथोत्सव का आयोजन किया जाना है। इसकी तैयारियां तेजगति से चल रहीं हैं। इसी क्रम में मध्यप्रदेश के दमोह जिला में स्थित पथरिया में चल रहे विरागोदय महा महोत्सव में गिरार पंचकल्याणक महोत्सव की मुख्य पत्रिका का विमोचन गणाचार्य विरागसागर जी महाराज एवं आचार्य श्री विशुद्ध सागर जी महाराज सहित शताधिक दिगम्बर जैन साधु-साध्वियों तथा देश के विभिन्न स्थलों से समारोह में उपस्थित शताधिक विद्वानों की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया। विमोचन का कार्य गिरार पंचकल्याणक महोत्सव के प्रतिष्ठाचार्य पंडित सनत कुमार, पंडित विनोद जी जैन रजवांस, पंचकल्याणक महोत्सव समिति गिरार के मनोज बंगेला,प्रकाश चंद्र जैन बरायठा, डॉ. सुनील संचय ललितपुर, विनोद चंदेरिया बरायठा, चक्रेश जैन बरायठा, अजितत जैन मड़ावरा, अभिषेक जैन मड़ावरा, आलोक जैन बरायठा, प्रदीप जैन मडावरा, आशीष सेठ डिग्गी बरायठा, अनिल जैन रानू बरायठा, प्रीतेश जैन बरायठा आदि ने सम्पन्न किया। इस मौके पर आचार्यश्री सहित सभी मुनिराजों ने अपना आशीर्वाद प्रदान किया। महोत्सव समिति ने आचार्य श्री विरागसागर जी महाराज से आचार्य श्री विशुद्ध सागर जी महाराज ससंघ को गिरार गिरी में आयोजित पंचकल्याणक महोत्सव के लिए गिरार की ओर पद विहार के लिए आशीर्वाद। आचार्य विशुद्ध सागर जी महाराज के 13 या 14 फरवरी को पथरिया से गिरार की ओर पद विहार करने की संभावना है।

# शान्ति के हकदार शान्त होकर, शान्ति से जीते हैं...

### ना कि अशान्ति फैलाकर...

### अन्तर्मना आचार्य श्री प्रसन्न सागर जी

**सम्मेद शिखर जी. शाबाश इंडिया**



शान्ति का सबसे सरल उपाय है स्वयं शान्त हो जाओ। सुख शान्ति को बाहर खोजना, या मन्दिर, मस्जिद, गिरजा में खोजना फिजूल और वक्त की बर्बादी है। परिस्थितयों को सुधारना है तो पहले स्वयं को सुधारो और फिर देखो सुख शान्ति कैसे नहीं उतरती मन के कोलाहल में। सबके भीतर एक दुनिया है-विचारों की, एहसास और ताकत की, रोशनी और खुबसूरती की। ये दुनिया किसी को दिखती नहीं है परन्तु इसकी शक्ति अनन्त और असीम है। इसलिए अपनी आत्मशक्ति का बोध होना चाहिए। दूसरा साहस और तीसरा स्वयं के प्रति अटूट विश्वास। जो आप खुद के लिये चाहते हैं वो ही दूसरों को देना शुरू कर दें। प्रेम-मुस्कुराहट, प्रसन्नता, खुशी देते हैं, तो वही लौटकर आयेगी। नफरत, घृणा, ईर्ष्या, द्वेष, क्रोध, मान, कषाय देते हैं, तो वही वापिस लौटकर आएगा। -नरेंद्र अजमेरा, पियुष कासलीवाल औरंगाबाद।



भगवान महावीर की 2621 वें जन्मोत्सव के अन्तर्गत

## दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन राजस्थान रीजन, जयपुर

के तत्वावधान में

# दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप सन्मति जयपुर

के द्वारा

मुख्य प्रायोजक
R K GROUP
Kishangarh, Rajasthan
www.rkmarble.com | www.wondercement.com
WONDER CEMENT EK PERFECT SHURUAAT

# हास्य व्यंग्य कवि सम्मेलन

## शनिवार, 25 फरवरी 2023

समय : सायं 7.00 बजे से

स्थान : भट्टारक जी की नशियां, नारायण सिंह सर्किल टोंक रोड़, जयपुर

## आंमत्रित कविगण


श्री प्रताप फौजदार (हास्य सम्राट)


श्री बुद्धि प्रकाश दाधीच (हास्य एवं राज. गीतकार)


श्री शम्भू शिखर (हास्य पैरोडी सम्राट)


श्री सुनील व्यास मुंबई (हास्य व्यंग्य)


श्री पी.के.मस्त (हास्य व्यंग्य)


स्वर कोकिला कल्पना शुक्ला (श्रंगार)


श्री कमलेश जैन 'वसन्त' (मंच संचालन)

रक्तदान जीवन दान

## क्यों न खुद की एक पहचान बनाये। चलो रक्तदान करे और करवाये ।।

RK GROUP WONDER CEMENT

## विशाल रक्तदान शिविर आदिनाथ जयंती 16 मार्च से महावीर जयंती 3 अप्रेल तक

भगवान महावीर की 2621 वीं जन्म जंयती के पावन अवसर पर मानव सेवार्थ 2621 यूनिट रक्त एकत्र करने के विशाल लक्ष्य के साथ विभिन्न संस्थाओ के सहयोग से मानव सेवार्थ लगभग 40 स्थानों पर रक्तदान शिविर आयोजित किये जायेंगे।

:: सहयोगी दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप ::

जयपुर मेंन, गुलाबी नगर, आदिनाथ, नवकार, जैन भारती, मैत्री, डायमंड, वर्धमान, पार्श्वनाथ, तीर्थंकर, ब्लू स्टार, पिंक पर्ल, वात्सल्य, संगिनी फॉरएवर, सम्यक, वीर, जनक श्री, स्वस्तिक, विराट, मालपुरा, गंगापुर सिटी, दौसा, सीकर, श्री महावीर जी .......

### :: आयोजन समिति ::

| मुख्य समन्वयक | परामर्शक | समन्वयक | सह-समन्वयक | सह-समन्वयक | सह-समन्वयक | सह-समन्वयक |
|---|---|---|---|---|---|---|
| यश कमल - संगीता अजमेरा | दर्शन - विनीता बाकलीवाल | मनीष - शोभना लोंग्या | विनोद - हेमा सोगानी | चक्रेश -पिंकी जैन | राजेश - रानी पाटनी | अनिल - ज्योति जैन चौधरी |

संयोजक :: डॉ. राजेन्द्र कुमार जैन, सुनील बज, कैलाश चन्द बिंदायका, मोहनलाल गंगवाल, श्रीमती प्रमिला शाह, सुनील जैन, प्रमोद सोनी, अनिल पाटनी, रवि सेठी, ईजी. पी.सी. छाबड़ा, डॉ. मोहन लाल जैन 'मणी', राजेश चौधरी, श्रीमती बीना टोंग्या, श्रीमती शकुन्तला बिन्दायका, महावीर बोहरा, नीरज जैन, सतीश बाकलीवाल, बसंत जैन

### निवेदक :: दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप राजस्थान रीजन, जयपुर

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| राजेश बड़जात्या<br>अध्यक्ष | अनिल जैन IPS<br>संस्थापक अध्यक्ष | महेन्द्र कुमार पाटनी<br>वरिष्ठ परामर्शक | सुरेन्द्र कुमार पाण्ड्या<br>परामर्शक | नवीन सेन जैन<br>परामर्शक | यश कमल अजमेरा<br>निर्वतमान अध्यक्ष | अतुल बिलाला<br>पूर्व अध्यक्ष | पारस कुमार जैन<br>कोषाध्यक्ष | निर्मल संघी<br>महासचिव |

### आयोजक :: दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप सन्मति जयपुर

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| राकेश-समता गोदिका<br>अध्यक्ष | दिनेश-संगीता गंगवाल<br>परामर्शक | मनीष-शोभना लोंग्या<br>कार्याध्यक्ष | सुनील-सुनीता गोदिका<br>उपाध्यक्ष | चक्रेश-पिंकी जैन<br>उपाध्यक्ष | राकेश-रेणु संघी<br>उपाध्यक्ष | महेन्द्र-सुनिता कासलीवाल<br>उपाध्यक्ष | अनिल-निशा संघी<br>सचिव |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| अनिल-अनिता जैन<br>कोषाध्यक्ष | राजेश-रितु छाबड़ा<br>संगठन सचिव | राजेश-रानी पाटनी<br>संगठन सचिव | प्रदीप-प्रावी बाकलीवाल<br>संयुक्त सचिव | चेतन-डॉ.अनामिका पापडीवाल<br>संयुक्त सचिव | कमल-मंजु ढोलिया<br>सांस्कृतिक सचिव | राजेन्द्र-कुसुम जैन<br>खेल सचिव |

कार्यकारिणी सदस्य : अनिल-ज्योति चौधरी * डॉ अनुपम-विनीता जैन * सपन-रजनी छाबड़ा * नितेश-मीनू पाण्ड्या * विशेष आमंत्रित : अशोक-अर्चना पाटनी * अशोक सेठी

सम्पर्क सूत्र :: 9414078380, 9829067076, 9785074581, 9887555249

## श्री दिगम्बर जैन मन्दिर जनकपुरी ज्योति नगर जयपुर

# सहस्रकूट जिनालय स्थापना दिवस पर दो दिवसीय उत्सव सम्पन्न

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

जनकपुरी ज्योति नगर जैन मन्दिर में भव्य स्वर्ण आभा युक्त सहस्त्र कूट जिनालय की स्थापना दिवस के उपलक्ष पर दो दिवसीय आयोजन मन्दिर जी में सानन्द सम्पन्न हुए। दिनांक 11 फरवरी शनिवार शाम को आरती के बाद साज बाज के साथ भक्ति संध्या का आयोजन महिला मण्डल व जैन युवा मंच के तत्वावधान में हुआ। जिसमे जन जन की साधारण भाषा में जैन भजन गायक राजा बाबू द्वारा प्रस्तुत भजनों का आनंद श्रोताओं ने लिया। दूसरे दिन रविवार को त्याग मूर्ति आचार्य प्रसन्न सागर जी महाराज व गणिनी आर्यिका गौरवमति माताजी के सानिध्य में वर्ष 2018 में हुये पंचकल्याणक की याद में भव्यता के साथ प्रातः जिनालय परिशर में मण्डल पर भगवान श्री 1008 नेमि नाथ की प्रतिमा पाण्डुक शीला पर विराजित कर अभिषेक तथा विश्व शांति हेतु शान्तिधारा करने का सोभाग्य पदम, पुष्पा, पारस, दीपिका, पहुप, रुचिका बिलाला परिवार को प्राप्त हुआ। इसके बाद जिन सहस्त्र नाम मण्डल पूजन विधान का संगीतमआयोजन हुआ। जिसमे पूजन के साथ भगवान के 1008 नामों के अर्घ्य विद्वान शिखर चन्द जैन के सानिध्य में समाज के श्रावकों द्वारा भक्ति भाव के साथ तथा स्वाहा स्वाहा बोलते हुए चढ़ाये गए। इसके मध्य ही जैन पाठशाला के छब्बीस छोटे बच्चों को सांगानेर स्थित श्रमण संस्कृति संस्थान के मंत्री सुरेश कासलीवाल की उपस्थिति में पुरुस्कृत किया गया। प्रातः गुम्बज में विराजित चारों दिशाओं में चार खड्गासन प्रतिमाओं का प्रथम अभिषेक करने का सोभाग्य भी पदम जैन बिलाला परिवार को मिला। दोपहर में क्षेत्रपाल बाबा का चोला पूजन का आयोजन हुआ तथा शाम को जिनालय में आरती की गई। आयोजन में प्रबंध समिति, महिला मण्डल, युवा मंच के सदस्यों व समाज के गणमान्य श्रावक श्राविकाओ ने उत्साह पूर्वक भाग लिया।





## कीर्तिश्वर महादेव मंदिर समिति

# गौरीशंकर सैनी अध्यक्ष, अरविंद अग्रवाल सचिव चुने गए

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

टोंक रोड़ के कीर्ति नगर में स्थित कीर्तिश्वर महादेव मंदिर समिति के चुनाव रविवार को मंदिर प्रांगण पर हुई मीटिंग के दौरान सर्वसम्मति के साथ संपन्न हुए। नवीन समिति में गौरी शंकर सैनी अध्यक्ष और अरविंद अग्रवाल सचिव सहित पूरी कार्यकारिणी का चुनाव निर्विरोध संपन्न हुआ। कार्यकारिणी में पृथ्वी सिंह चौहान कार्यकारिणी अध्यक्ष, रामेश्वर प्रसाद गुप्ता वरिष्ठ उपाध्यक्ष, नरेंद्र सिंह शेखावत उपाध्यक्ष, रत्नेश शर्मा सह सचिव, प्रकाश चंद शर्मा कोषाध्यक्ष पद पर चुने गए। सचिव अरविंद अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया की कीर्ति नगर, टोंक रोड पर एक संभ्रांत कॉलोनी है और कीर्तिश्वर महादेव मंदिर की प्रसिद्धि तिकोना मंदिर के नाम से है। नई समिति में मंदिर के विकास के साथ-साथ कॉलोनी के प्रत्येक घर को मंदिर से जोड़ने और धार्मिक कार्यों में बढ़ोतरी कर युवाओं को अधिक से अधिक समाज के प्रत्येक वर्ग से जोड़ने को लेकर संकल्पित है। इसी को ध्यान में रखकर पिछले सप्ताह रामायण पाठ का बड़ा आयोजन किया था, जिसमें कॉलोनी के 17 सौ से अधिक श्रद्धालुओं को मंदिर से जोड़ने का कार्य समिति और सहयोगियों द्वारा किया गया था। भविष्य में भी इसी तरह के आयोजनों की योजना समिति द्वारा बनाई जाएगी जिससे धार्मिक क्रियाओं का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार हो।



## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर 'शाबाश इंडिया' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

**सम्पादकः राकेश जैन गोदिका**
@ 94140 78380, 92140 78380

दैनिक ई-पेपर
**शाबाश इंडिया**
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com

# रक्तदान शिविर "रक्तगौरव" का आयोजन संपन्न



**उदयपुर. शाबाश इंडिया**

जैन सोश्यल ग्रुप प्लेटिनम के संस्थापक अध्यक्ष जितेन्द्र हरकावत ने बताया कि जैन सोश्यल ग्रुप प्लेटिनम, उदयपुर और यातायात पुलिस विभाग, उदयपुर के संयुक्त तत्वाधान में आर एन टी मेडिकल कॉलेज व सरल ब्लड बैंक के साथ रविवार 12 फरवरी को तारक गुरू जैन ग्रंथालय शास्त्री सर्कल पर प्रातः 8 से दोपहर 2 बजे तक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें कई मातृ शक्ति और पुरुष सदस्यों ने मिलकर कुल रिकॉर्ड 111 यूनिट रक्तदान किया। ग्रुप अध्यक्ष आशीष रत्नावत ने बताया कि ग्रुप के कई दंपती सदस्यों व सर्व समाज के सदस्यो ने रक्तदान कर कार्यक्रम को सफल बनाया साथ ही जेएसजीआईएफ से वाइस प्रेसिडेंट रमेश चंद्र मेहता, इंटरनेशनल डायरेक्टर रोशनलाल जोधावत, मेवाड़ रीजन से इलैक्ट चैयरमैन अनिल नाहर, वाइस चैयरमैन अरुण मांडोत, सह सचिव महेश पोरवाल, पारस ढेलावत, कोषाध्यक्ष विकास जैन के साथ जैन सोश्यल ग्रुप प्लेटिनम के उपाध्यक्ष विपिन जैन, सहसचिव लोकेश जैन, कोषाध्यक्ष पंकज जैन, पूर्व अध्यक्ष मुकेश चपलोत, पी आर ओ एडमिन हेमेन्द्र जैन, पी आर ओ ग्रीटिंग्स सुमित खाब्या, हेमन्त सिसोदिया सहित कार्यकारिणी सदस्य व ग्रुप के सभी दंपती सदस्यों की उपस्तिथि रही। ग्रुप सचिव तनुजय किकावत ने बताया कि आयोजन में सीएमएचओ डॉ. शंकर लाल बामणिया, चीफ कंजरवेटर राजकुमार जैन (वन विभाग) डिप्टी एस पी कुशाल चोरडिया (यातायात विभाग) महापौर उदयपुर जी. एस. टांक, उपमहापौर उदयपुर पारस सिंघवी, पूर्व विधायक प्रत्याशी दिनेश श्रीमाली, प्रदेश संयोजक भाजपा आपदा राहत प्रकोष्ठ जिनेन्द्र शास्त्री, बार एसोसिएशन अध्यक्ष राकेश मोगरा, दिगम्बर जैन बीसा नरसिंगपुरा समाज अध्यक्ष ऋषभ जंसिगोत, जैन कांफ्रेंस राजस्थान अध्यक्ष निर्मल पोखरना, वन टु ऑल उदयपुर के शरद लोढ़ा, ब्लॉक कांग्रेस महासचिव विकास कच्छारा, बीजेपी एस सी मोर्चा राजस्थान आईटी प्रदेश प्रमुख संजय चंदेल, रक्तदाता युवा वाहिनी से कपिल दया, भा.ज.पा. जिला सोशल मीडिया संयोजक उदयपुर शहर प्रदीप विजयवर्गीय , पुष्कर लोहार, गणपत लोहार, अशोक जैन, प्रदीप विजयवर्गीय, राजेश खमेसरा सहित कई गणमान्य नागरिकों ने सभी रक्तदान करने वाले सदस्यो को रक्तगौरव सम्मान से सम्मानित किया गया ।

# फाग उत्सव हर्षोल्लास से मनाया



**अजमेर. शाबाश इंडिया।** श्री दिगंबर जैन महासमिति महिला एवम युवा महिला संभाग अजमेर द्वारा छोटे धड़ा जी की नसिया जी के सभागार में फाग उत्सव बहुत ही हर्षोल्लास से मनाया गया। जिसमे समिति की विभिन्न इकाई की सदस्याओं की एक सौ सत्तर से अधिक सदस्याओ ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए आकर्षक प्रस्तुतियां दी। महिला संभाग अध्यक्ष मधु पाटनी ने बताया कि कार्यक्रम के प्रारंभ में समिति पदाधिकारियों द्वारा मंगलाचरण प्रस्तुत करते हुए कमलेश पालीवाल, सुधा पालीवाल एवम नेहा पालीवाल के द्वारा भगवान महावीर स्वामी के चित्र का अनावरण कर दीप प्रज्जलित कराया गया। संस्थापक सूर्यकांता जैन द्वारा कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विनिता जैन लुहाड़िया एवम विशिष्ठ अतिथि नीलू पाटोदी का तिलक लगाकर एवम माल्यार्पण कर स्वागत किया साथ ही अपना सारगर्भित उद्बोधन देकर समिति के द्वारा किए जा रहे धार्मिक कार्यों के साथ सामाजिक सरोकार के अंतर्गत किए जा रहे जीवदया के साथ जरूरतमंदो के लिए किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा की। युवा महिला संभाग अध्यक्ष सोनिका भैंसा ने बताया कि कार्यक्रम में समिति की पाल बिछुला इकाई, सर्वोदय कॉलोनी इकाई, वैशाली नगर इकाई, छतरी योजना इकाई, सरावगी मोहल्ला इकाई, सोनी नगर इकाई एवम केसरगंज इकाई की सदस्याओं द्वारा मन मोहक प्रस्तुतियां देते हुए कार्यक्रम को उचाईया प्रदान कराई पुरस्कार प्रदाता अनिता बड़जात्या एवम नम्रता लुहाड़िया द्वारा सभी प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित कराया गया।

# श्रावक सेवा संस्था देश के विभिन्न क्षेत्रों एवं महानगरों में आयोजित करेगी आयात - निर्यात प्रशिक्षण शिविर



**पदमपुरा. शाबाश इंडिया**

आयात-निर्यात प्रशिक्षण शिविर हमारे लिए एक नई आशा लेकर आया है। इस शिविर में हमें विदेशी व्यापार करने तथा आयात -निर्यात में आने वाली कठिनाईयों के बारे में विस्तार से समझाया गया है। प्रशिक्षण शिविर के समापन के मौके पर यह कहना था श्री दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र पदमपुरा में आयोजित चार दिवसीय आयात -निर्यत प्रशिक्षण शिविर में शामिल हुए प्रशिक्षणार्थियों का। आत्मनिर्भर भारत बनाने की दिशा में जैन समाज द्वारा अनूठा कदम उठाया जाकर श्रावक सेवा संस्था के तत्वावधान में दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र पदमपुरा में जैन बन्धुओं के लिए पहली बार चार दिवसीय विदेशी व्यापार कार्यशाला आयात-निर्यात प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का रविवार को सायंकाल समापन हुआ। अध्यक्ष पं.महावीर मनु जैन एवं मुख्य समन्वयक कमल बाबू जैन ने बताया कि आचार्य सुनील सागर महाराज ससंघ के सानिध्य में गुरुवार,9 फरवरी से आयोजित इस चार दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन श्री दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र पदमपुरा के धाडूका सभागार में किया गया। समापन समारोह में राजस्थान विश्वविद्यालय के कुलपति राजीव जैन, जस्टिस जे के राका, समाजश्रेष्ठी अनिल दीवान अतिथि के रुप में शामिल हुए। अतिथियों ने भगवान पद्म प्रभू के चित्र का अनावरण के बाद दीप प्रज्वलन कर शिविर समापन समारोह का शुभारंभ किया। मंगलाचरण के बाद आयोजन से जुड़े हुए पं.महावीर मक्कमंच संचालन मुख्य समन्वयक कमल बाबू जैन ने किया। अध्यक्ष पं.महावीर मनु जैन ने अपने उदबोधन सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए चार दिवसीय आयात-निर्यात प्रशिक्षण शिविर में सिखाए गए बिन्दुओं पर प्रकाश डाला इस मौके पर पं.मनु ने घोषणा करते हुए कहा कि श्रावक सेवा संस्था प्रदेश के भीलवाड़ा,कोटा, किशनगढ़ सहित देश के महानगरों एवं अन्य औद्योगिक क्षेत्रों में शीघ्र ही आयात -निर्यात प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन करेगी। परामर्शक विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि जैन बन्धुओं को आयात -निर्यात सहित विदेश व्यापार के सम्बन्ध में आवश्यक जानकारी देने हेतु इंडियन इंस्टीट्यूट आफ फोरेन ट्रेड,भारत सरकार की टीम तथा एम डी पी डिविजन के प्रमुख डॉ राजेन्द्र प्रसाद शर्मा के निर्देशन में यह प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जा गया। इस प्रशिक्षण शिविर में राजेन्द्र प्रसाद शर्मा,डीन टी के जैन, यशवंत कुमार पाण्डेय, प्रवेश सोलंकी , प्रवीण नाहटा आदि विशेषज्ञों द्वारा 12 सैशन के माध्यम से विदेशी व्यापार,आयात-निर्यात से संबंधित सभी पहलुओं पर प्राथमिक जानकारी साझा की गई।



# जैन सोशयल ग्रुप हेरिटेज सिटी द्वारा ग्रुप का 264वां भक्तामर पाठ सम्पन्न

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

जैन सोश्यल ग्रुप हेरिटेज सिटी द्वारा ग्रुप का 264 वा भक्तामर स्तोत्र पाठ परम पूज्य विजयमती माताजी के सानिध्य में आयोजित किया गया। ग्रुप अध्यक्ष महावीर सेठी ने बताया कि श्री दिगंबर जैन मंदिर गोवर्धन नगर सांगानेर में दिनांक 12 फरवरी, रविवार को पूज्य माताजी के सानिध्य में प्रातः 9 30 बजे जिनेन्द्र भगवान की स्तुति के साथ भक्तामर स्तोत्र पाठ आयोजित किया। कार्यक्रम का संचालन संस्थापक अध्यक्ष सुभाष बज ने किया। ग्रुप सचिव अरुण पाटनी ने बताया कि उक्त कार्यक्रम में बहुत से समाज बंधु व ग्रुप सदस्य उपस्थित हुए, सभी उपस्थित धमार्नुरागी बंधुओं के लिए ग्रुप के पूर्व अध्यक्ष अरविंद सुनीता पाटनी के सौजन्य से अल्पाहार की व्यवस्था की गई । मंदिर जी हेतु ग्रुप की और से एक बड़ी दीवार घड़ी महावीर सुरीला सेठी के सहयोग से व ग्रुप सदस्यो के सहयोग से माताजी की आहार चर्या के राशि भेंट की गई। कार्यक्रम संयोजक अरविंद पाटनी ने सभी आगंतुकों का धन्यवाद आभार व्यक्त किया ।



अन्तर्मना प्रसन्न सागर जी महामुनिराज के सानिध्य में

## तपस्वी सम्राट 108 सन्मति सागर जी महाराज की अष्ट धातु की प्रतिमा विराजमान की गई



**सम्मेदशिखर जी. शाबाश इंडिया**

परम पूज्य साधना महोदधि 557 दिन की घोर तपस्या करने वाले अन्तर्मना आचार्य श्री 108 प्रसन्न सागर जी महामुनिराज के ससंघ के सानिध्य में सम्मेदशिखर जी के बाहुबली 24 टोंक मंदिर में परम तपस्वी सम्राट आचार्य श्री 108 सन्मति सागर जी महाराज की धातु से निर्मित प्रतिमा का प्रतिष्ठाकरण आचार्य गुरुदेव की उपस्थिति में हर्ष उल्लास के साथ संपन्न हुई । आज दिन में आचार्य संघ के द्वारा धातु की प्रतिमा का अभिषेक किया गया इसके पश्चात पूजा और विधि विधान के द्वारा प्रतिष्टित नव निर्मित मंदिर में विराजमान किया गया जो की आने वाले समय मै मधुबन आने वाले यात्रीयों के लिए श्रद्धा , तपस्या एवं विस्वास का अनूठा केंद्र बनेगा। साथ ही आज 13 फरवरी को दिन में सम्मेदशिखर जी से मंगल विहार निमियाघाट पंचकल्याणक के लिये होने की संभावना है जो निमियाघाट शाम तक मंगल प्रवेश होगा।




श्री सपन-रजनी छाबड़ा

दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप सन्मति के सम्मानित कार्यकारिणी सदस्य

मोबाईल नंबर 9351840604

की वैवाहिक वर्षगांठ (13 फरवरी) पर हार्दिक शुभकामनाएं




शुभेच्छु

**अध्यक्ष:** राकेश-समता गोदिका, **परामर्शक:** दिनेश-संगीता गंगवाल

**कार्याध्यक्ष:** मनीष - शोभना लोंग्या, **सचिव:** अनिल - निशा संघी, **कोषाध्यक्ष:** अनिल - अनिता जैन

एवं समस्त सदस्य दिग. जैन सोशल ग्रुप सन्मति, जयपुर